E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎ 🖷: 0512-2246609
☎ 🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी0ओ0ई0 / 1071 / 2026 दिनांक : 01/08 /2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषयः सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया आपको अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / सी0ओ0ई0 / 1037 / 2026 दिनांक 21.07.2026 एवं सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / सी0ओ0ई0 / 1057 / 2026 दिनांक 27.07.2026 के पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर (बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0, बी0काम0 (Honours), बी0एससी0 (Biotech.), बी0बी0ए0 व बी0सी0ए0), बी0लिब0 व एम0लिब0 प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर (एम0ए0, एम0एससी0 व एम0काम0) के विभिन्न पाठ्यक्रमों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा के ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 30.07.2026 तक विस्तारित की गयी थी। विभिन्न महाविद्यालयों एवं छात्र / छात्राओं के अनुरोध पर सम्बन्धित छात्र / छात्राओं हेतु स्पेशल बैक पेपर परीक्षा के ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की **तिथि अन्तिम रूप से दिनांक 03.08.2026 तक** विस्तारित की जाती है, साथ ही यह भी सूचित करना है कि स्पेशल बैक पेपर परीक्षा हेतु अभी तक **कुल 5639** परीक्षा फार्म ऑन–लाइन पूरित किये गये है, जिसमें 862 छात्र / छात्राओं का बैक पेपर परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है।

अतः आदेशानुसार, समस्त प्राचार्य / प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को अवगत कराते हुए उनका ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा कराने का कष्ट करें, इसके पश्चात किसी भी दशा में परीक्षा फार्म पूरित कराया जाना सम्भव नहीं होगा।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. पी.एम.यू. सेल / प्रभारी, कोडिंग।
4. गार्ड फाइल।

(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)